प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 05 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 24 अप्रैल 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
ÂDI-4 मंडला समाचार .....

आज से प्रारंभ होंगी ट्रेने, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुभारंभ

रीवा से इतवारी एवं छिंदवाड़ा तथा नैनपुर से आज पहुँचेगी ट्रेने पेंच व्हेली एवं पातालकोट भी आयेंगी सिवनी

भाजपा विशाल रैली के साथ स्वागत में पहुँचेगी स्टेशन

सिवनी यशो:- सिवनी से बड़ी ट्रेनों के आवागमन प्रारंभ होने की जिलेवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग एवं आवश्यकता सोमवार 24 अप्रैल को पूरा होने जा रही है । यह जितनी प्रसन्नता एवं संतोष की बात है उतने ही गौरव की बात यह भी है कि एवं प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी इन यात्री ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ करेंगे। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा रीवा से दोपहर 13:10 बजे रीवा इतवारी (नागपुर) ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेंगा जो सिवनी होते हुये जायेगी । इसके साथ ही वे इसी समय प्रधानमंत्री जी द्वारा नैनपुर से छिंदवाड़ा एवं छिंदवाड़ा से नैनपुर इन दोनों ही ट्रेनों का वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जायेगा । सांसद डां. ढालसिंह बिसेन के सतत एवं अथक प्रयासों से इन यात्री ट्रेनों के प्रारंभ होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति कृज्ञता एवं सांसद ढालसिंह बिसेन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये, समस्त भाजपा कार्यकर्त्ताओं, नगरवासियों, सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यापरिक, एवं सभी संगठनों से दोपहर 12:30 पर सिवनी रेल्वे स्टेशन पर पहुँचकर इन गौरवशाली क्षणों का साक्षी बनने का आग्रह किया गया है ।

भाजपा जिला महामंत्री श्री अजय डागोरिया ने बताया कि 24 अप्रैल को उक्त तीनों ट्रेनों के प्रारंभ होने के पश्चात मंगलवार 25 अप्रैल को प्रातः सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा सिवनी से विस्तारित फिरोजपुर (दिल्ली) छिंदवाड़ा पातालकोट ऐ सप्रेस एवं इंदौर छिंदवाड़ा पेंचव्हेली भोपाल इन दोनों ही ट्रेनों को सिवनी रेल्वे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा । इस तरह एक ओर सिवनी जिले से उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम तक यात्री आवागमन शुरू होगा वहीं इससे जिले का व्यापार में वृद्धि होगी तथा उद्योगों के आगमन का मार्ग प्रशस्त होगा ।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि इन यात्री ट्रेनों के प्रारंभ होने के सुअवसर पर जिला भाजपा द्वारा भाजपा कार्यालय बारापत्थर से एक विशाल वाहन रैली का आयोजन भी किया गया है जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुये सिवनी रेल्वे स्टेशन पहुँचेगी इस रैली में विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे सांसद डां. ढालसिंह बिसेन, सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन, केवलारी विधायक श्री राकेश पाल सिंह पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व विधायक श्री नरेश दिवाकर सहित पार्टी के सभी पूर्व जिलाध्यक्ष गण एवं जिला पदाधिकारी गण जिले के सभी मंडल अध्यक्ष गण, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता शामिल रहेंगे ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने उक्त कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि सोमवार 24 अप्रैल को सभी कार्यकर्त्ता प्रातः 9:00 बजे भाजपा कार्यालय में एकत्रित होंगे यहाँ से महिला मोर्चा द्वारा सभी वरिष्ठजनों का स्वागत कर रैली को रवाना किया जायेगा । यह विशाल वाहन रैली बाहुबली चौक, स्टेट बैंक के सामने से होते हुये सिंधिया चौक पहुँचेगी जहाँ पर ओबीसी मोर्चे के अनिल पटवा के नेतृत्व में स्वागत किया जायेगा तत्पश्चात गांधी भवन में विधि प्रकोष्ठ के श्री ऋषभ बघेल, गणेश चौक में उत्तर मंडल महिला मोर्चा आराधना चौरसिया एवं विद्यार्थी परिषद के वैभव शु ला, शुक्रवारी चौक में भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष संजय पप्पू सोनी एवं मंडल के कार्यकर्त्तागण, नेहरू रोड में आशु जैन,इस मार्ग पर आगे जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, इसी मार्ग पर आगे जिला कोषाध्यक्ष श्री किशोर सोनी एवं साथी कार्यकर्त्तागण वाहन रैली का स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे ।

श्री त्रिवेदी ने बताया कि इस वाहन रैली का नगरपालिका चौक में भाजपा पार्षद दल के नेता श्री ज्ञानचंद सनोडिया एवं सभी भाजपा पार्षदगण स्वागत करेंगे । इसके आगे शंकर मढ़िया के सामने व्यापारी प्रकोष्ठ एवं राईस मिल एसोसिएशन द्वारा स्वागत कार्यक्रम रखा गया है जबकि महावीर मढ़िया में पूर्व नपाध्यक्ष श्री राजेश त्रिवेदी स्थानीय नागरिकगण रैली का स्वागत करेंगे इसी कड़ी छिंदवाड़ा चौक में भाजपा दक्षिण मंडल के अध्यक्ष श्री अभिषेक दुबे, एवं अनुसूचित जाति मोर्चे के श्री आशीष मानाठाकुर,नीलम जंघेला महिला मोर्चा द्वारा स्वागत किया जायेगा ।

भाजपा जिला मंत्री संजीव मिश्रा ने बताया कि छिंदवाड़ा चौक से यह वाहन रैली गाजे बाजों के साथ रेल्वे स्टेशन पहुँचेगी जहाँ पर प्रधानमंत्री जी द्वारा रीवा इतवारी ऐ सप्रेस सहित सभी ट्रेनों के शुभारंभ कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का आयोजन किया गया है ।

श्री त्रिवेदी ने बताया कि केवलारी विधानसभा संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष श्री प्रदीप राय द्वारा केवलारी पलारी कान्हीवाड़ा एवं भोमा में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किये जाने की जानकारी देते हुये बताया गया है कि इन ट्रेनों के प्रारंभ होने के समाचार से क्षेत्रवासी बेहद उत्साहित है एवं उनके द्वारा जगह - जगह स्वागत की तैयारियाँ की गयी है ।

अमानक कीटनाशी औषधी प्रतिबंधित

सिवनी यशो:- कीटनाशी अनुज्ञापन अधिकारी उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सिवनी द्वारा त्रिवेणी कृषि केन्द्र सुनवारा विकासखंड धनौरा से कीटनाशी निरीक्षक लखनादौन द्वारा कीटनाशी औषधी मेटसल्फयूरॉन मिथाइल का नमूना परीक्षण हेतु कीटनाशक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला जबलपुर भेजा गया था। जांच में अमानक स्तर की पाई जाने कीटनाशक अधिनियम 1968 की धारा-14 प्रावधानानुसार इण्डियन पेस्टिसाईड लिमिटेड द्वारा निर्मित औषधी मेटसल्फयूरॉन मिथाइल बैच नंबर डीआईएमएस 221106 के भण्डारण एवं शेष औषधी को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

बाल विवाह रोकने हेतु कंट्रोल रूम गठित

सिवनी यशो:- संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश एवं कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सिवनी के निर्देशानुसार 22 अप्रैल 2023 अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकने हेतु परियोजना स्तरीय कंट्रोल रूम का गठन कर नि नानुसार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है- सहायक ग्रेड-3 श्री सौरभ श्रीवास मो. 7746891117 एवं विकासखंड समन्वयक श्री विजय चौधरी मो. 9575431575 है।



कुर्मी क्षत्रिय समाज सिवनी द्वारा श्रीमद भागवत कथा शुभारंभ, महामाया मंदिर से निकली शोभायात्रा

सिवनी यशो:- कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आज 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक यश लॉन परतापुर रोड भैरोगंज सिवनी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है ।

श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस 23 अप्रैल को महामाया मंदिर भैरोगंज से यश लॉन तक विशाल शोभायात्रा निकाली गयी इस शोभायात्रा में बड़ी सं या में भागवत कथा अनुरागी एवं। कुर्मी समाज के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के लोग शामिल रहे। शोभायात्रा महामाया मंदिर से सोमवी चौक होते हुये परतापुर रोड से यश लॉन पहुँची । जहाँ वृन्दावन धाम के महाराज भागवताचार्य श्री शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने व्यासपीठ से भागवत कथा महात्म का वर्णन किया ।

कुर्मी समाज द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आगामी 26 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे से जगद्गुरू शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा आशीर्वचन प्राप्त होगा । आयोजक मंडल ने समस्त धर्म प्रेमियों से भागवत कथा सप्ताह में पहुँचकर धर्मलाभ लेने का विनम्र आग्रह किया है ।

बसों में यात्रा सुरक्षित नहीं, किराये के नाम पर यात्रियों से लूट

सिवनी यशो:- बस संचालको की बेजा मनमानी से यात्री बुरी तरह परेशान है एक बसों में क्षमता से अधिक सवारियाँ भरी जा रही है वहीं बसों की कंडीशन ठीक नहीं रहती बसों में किराया भी निर्धारित से अधिक लिया जाता है त्यौहारों के समय तो किराये के नाम पर यात्रियों से खुली लूट होती है । जिले में दौड़ रही जर्जर बसें सिवनी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली बसों में सफर करने वाले यात्री जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली बसों में सफर करने वाले यात्री जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। ज्यादा कमाई के चकर में बस संचालक नियमों को ताक पर रखकर सडक़ पर फरटि से खटारा बसें दौड़ा रहे है। वही खटारा बसों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बस में बैठाकर फरटि भर रहे हैं, लेकिन परिवहन विभाग को इससे कोई सरोकार नहीं है।

विभागीय उदासीनता के चलते बस संचालक बेखौफ होकर मनमाने ढंग से बसों का संचालन कर रहे हैं, बावजूद इसके विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती। बसों में यात्रा करने वालों लोगों की सुरक्षा के लिए मोटर व्हीकल ऐ ट बनाया गया है। मगर इन नियमों को लगातार अनदेखी हो रही है। बसों में भेड़ बकरियों की तरह यात्रियों को भरकर वाहनों में लाया ले जाया जाता है। जिले से गुजरने वाली बसों के संचालकों को नियमों से कोई सरोकार नहीं है। बस संचालकों द्वारा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है, बावजूद इसके परिवहन विभाग व यातायात पुलिस द्वारा बस संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। प्राइवेट बस स्टैंड से निकलने वाली बसें जगह जगह बस रोक कर बेखौफ यात्रियों को अपने वाहन में बैठा लेते हैं बरघाट रोड हो या मंडला रोड या फिर नागपुर रोड सभी यात्री बस में यह आसानी से देखा जा सकता है इन बसों में यात्रियों के बैठने के लिए सीटें निर्धारित हैं, लेकिन बस संचालक अधिक कमाई के चक्कर में यात्रियों की सुरक्षा को भी नजरअंदाज कर देते हैं। बस में निर्धारित सीट पर यात्रियों को बैठाने के बाद भी इससे अधिक सं या में यात्रियों को भेड़ बकरियों की तरह भरा जाता है।

अधिकांश यात्री बस में खड़े होकर यात्रा करते हैं, इसके बावजूद यदि बस के भीतर यात्रियों के खड़े होने की भी जगह नहीं बचती तब उन्हें बस के बोनट दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात यह है कि यात्री बसों और टै सी में लटक कर यात्रा करते हैं। बस चलने के बाद ब्रेकर व उबड़-खाबड़ सडक़ पर बस का संतुलन बिगडज़ाता है और कई बार दुर्घटना भी हो जाती है। ऐसे में महिलाओं व बच्चों के लिए भीषण गर्मी में यात्रा करना सजा से कम नहीं है। गंतव्य तक पहुंचने की मजबूरी के चलते लोगों को जैसे तैसे बस में यात्रा करना पड़ता है।

एक पंख से उडऩा स भव नहीं :पूज्य सागर

शिलान्यास की ल बे समय से प्रतीक्षा थी- विधायक

अहिंसा कार के शिलान्यास में पहुंचे अतिथि

सिवनी यशो:- एक पैर से इन्सान तो चल सकता है मगर एक पंख से पक्षी उड़ नहीं सकत्ता, अगर राष्ट्र को आगे ले जाना है तो राजनीति में पक्ष और विपक्ष दोनों का सहयोग जरूरी है, नगर मे अहिंसा व्दार का निर्माण हमारे नगर की संस्कृति का परिचायक है, आज अक्षय तृत्तीया का शुभ प्रसंग, ईदका पर्व और परशुराम जयन्ती इस बात की प्रतीक है कि यह नगर सद्भाव, स्नेह, प्रेम और करुणा का परिचायक है विधायक दिनेश राय, कांग्रेस के राजा बघेल, नपा अध्यक्ष शफीक खान पार्षद राजिक अकील ने इस कार्य को पूर्ण कराने के लिए जो प्रयास किये है वह साधुवाद के पात्र है। उक्त उदगार आचार्य विद्यासागर महाराज के परम तपस्वी शिष्य पूज्य सागर महाराज ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हायर सेकेंडरी प्रांगण मे अहिंसा द्वार के

उद्घाटन समारोह के अवसर पर व्यक्त किये।

ऐलक धैर्यसागर महाराज ने कहा कि आचार्य विधासगर महाराज की प्रेरणा से यह अहिंसा द्वार का निर्माण होने जा रहा है आचार्य श्री ने हर वर्ग के बीच रचनात्मक सोच के अनेको कार्य किये हैं जिन्हें शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।

विधायक दिनेश राय ने अहिंसा व्दार पर अपनी बात रखते हुये कहा कि-ल बे समय से यह कार्य होने की प्रतीक्षा थी लेकिन जब समय आता है तभी ऐसे योग बनते है महाराजश्री के योग निमित से यह कार्य होने जा रहा है इस द्वार के बनने के बाद यहाँ के लोग कार से लगी दुकानें न बर के आधार पर जानेंगे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजा बघेल ने कहा कि समाज की युवा तरुणाई ने जो प्रयास किया और मुझसे सहयोग की आशा की है नगर पालिका और हमारी ओर से यह कार्य जल्द पूर्व हो इसका मिलकर प्रयास करेंगे। पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने कहा कि आचार्य श्री ऐसे व्यक्तित्व के धनी है जिनके बारे में जितना लिखा जाये कम है। अगर माउण्ट एवरेस्ट की चोटी को कलम बनाकर आकाश को कागज बना दिया जाये और आचार्य श्री का गुणानुवाद किया जाये तब भी उनका पूर्ण व्यक्तित् नहीं लिखा जा सकता। आप एक समाज के नही जन जन के सन्त है और उनकी चर्चा से हर समाज को लाभ मिले ऐसी हम सबकी कामना रही है।

कार्यक्रम का संचालन पारस जैन ने किया शिलान्यास का सौभाग्य नीलेन्द्र जैन राजा जरी (पटेल) को प्राप्त हुआ साथ ही श्री श्वेता बर जैन संघ सिवनी के प्रकाश नाहटा संजय मालू सहित सेठ प्रभात कुमार आनन्द कुमार, मिलन वाइझल प्रफुल्ल जैन नरेन्द्र गोयल पवन दिवाकर सुरेन्द्र गोयल प्रभात गोयल, सुदर्शन राझल सुवोध बाझल आलोक जैन यशु जैन शानू जैन अशोक बाझल, संदीप बाझल, कमल बाझल विवेक बाझल विनोद जैन (विनय डेकोरेशन रीतेश जैन सहित मीडियाकर्मी हिमांशु कौशल, संतोष जैन (गजल) संजय जैन संजू सहित महिला मण्डल की सदस्यों ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

जबरन नॉलेज



किशोर सोनी ने भेंट किए श्री लक्ष्मी नारायण भगवान को चांदी के मुकुट



सिवनी यशो:- सिवनी के हृदय स्थल बस स्टैंड मैं स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में विराजे भगवान श्री को केके ज्वेलर्स के संचालक किशोर सोनी जी के द्वारा चांदी के मुकुट भेंट किये गये है। श्री किशोर सोनी पंचमुखी हनुमान

मंदिर के अध्यक्ष भी हैं और हर सामाजिक धार्मिक गतिविधियों मे आपका हमेशा से सहयोग रहता है। सोनी समाज के जिला अध्यक्ष का दायित्व भी आपके ही पास है। इसके पूर्व भगवान श्री लक्ष्मी नारायण को आपने छह सोने के कंगन भी भेंट किए थे।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति आप को आपको साधुवाद देती है और भगवान लक्ष्मी नारायण स्वामी जी से प्रार्थना करती है कि आप का परिवार सदा धन-धान्य से भरे रहें।

क्षत्रियों के कुलनाशक नहीं समाज संगठक थे भगवान परशुराम जी

प्रवीण गुगनानी-

वैशाख शुक्ल तृतीया अर्थात अक्षय तृतीया सनातन हिंदू समाज की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण तिथि है। यह दिवस केवल हमारे सकल हिंदू समाज के आराध्य भगवान् परशुराम के अवतरण का ही नहीं अपितु इसी दिन परमात्मा के हयग्रीव, नर नारायण और महाविद्या मातंगी अवतार का भी अवतरण दिवस है।

वस्तुतः यह दिवस मानव के जैविक विकास के क्रम में आधुनिक मानव के आदि पुरुष का आगमन दिवस है।

सृष्टि के विकास क्रम में मनुष्य ने यहां तक की यात्रा में अपना जैविक विकास क्रम पूरा किया था। भारतीय समाज का यही वैज्ञानिक तथ्य और सनातन की यही श्रेष्ठतापूर्णमी सोच वाले और दोहरी मानसिकता वाले वामपंथियों को चुभती है।

सनातन हिंदू समाज के ये विद्वान, पराक्रमी, जनरक्षक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले नायक वामपंथियों को चुभते हैं। इस चुभन और विद्वेष का ही परिणाम है कि ये कथित क युनिष्ट, ये पश्चिमी, ये समाजतोडक हिंदू समाज के परस्पर तादात्य व प्रेम को समाप्त करने हेतु नए नए वितंडे लेकर आते रहते हैं।

यह भी हिंदू समाज को तोड़ने व हमारी सामाजिक समरसता को भंग करने हेतु का एक वितंडा और भ्रमजाल ही है कि परशुराम ने इस धरा पर 21 बार क्षत्रियों का समूल नाश किया था। वस्तुतः सत्य यह नहीं है। सत्य यह है कि, कामधेनु के अपहरण को लेकर उपजे संघर्ष में परशुराम के पिता सहस्त्रार्जुन का हैहयवंशियों ने युद्ध में वध कर दिया था।

यह युद्ध 21 बार किया गया था।

इस क्रम में भगवान परशुराम जी की शत्रुता सिर्फ महिष्मती के हैहय वंशी सहस्त्र अर्जुन से थी जो एक अहंकारी राजा था जिसके पुत्रो ने परशुरामजी के पिता का वध किया था। किवदंती है कि हैहयवंशियों में परशुराम जी के पिता महर्षि जमदग्नि को युद्ध में 21 भागों में विभक्त कर मृत्यु दी थी।

इसके प्रतिशोध में परशुराम ने हैहय वंश के क्षत्रियो का 21 बार विनाश किया था।

परशुराम जी द्वारा यह विनाश केवल अपने शत्रु हैहयवंश का किया गया था न कि सकल क्षत्रिय समाज का।

परशुराम जी द्वारा संपूर्ण क्षत्रिय समाज का वध करने की बात हिंदू समाज में विभाजन के विषाक्त बीज बोने की एक कल्पित कथा है।

हम सहजबुद्धि या बालबुद्धि से भी सोचे तो यह विषय समझ में आ जाता है। हैहयवंशियों के वध की घटना कहां और कैसे घटित होता ?

तत्पश्चात महाभारत में भी परशुराम जी व भीष्म के मध्य युद्ध का उल्लेख होता है। अगर पूर्व में ही क्षत्रिय समूल समाप्त हो गये होते तो महाभारत काल के अनेक क्षत्रिय वंश थे वो कहां से आते?

स्पष्ट है कि यह मिथक कि भगवान परशुराम जी द्वारा क्षत्रियो का 21 बार पूर्ण विनाश किया गया, यह कथा ब्राह्मणों और क्षत्रियो में वैमनस्यता, विद्वेष व विषमता उपजाने हेतु गढ़ी गई है।

इस संदर्भ में एक एतिहासिक तथ्य और भी है कि परशुराम जी ने हैहयवंश का भी समूल नाश नहीं किया था। सहस्त्रार्जुन के पुत्र का महिष्मती (आज का महेश्वर) में राज्याभिषेक हुआ था और आज भी आज भी हैहय वंश के राजपूत बलिया जिले में मिलते हैं। हैहय वंश की शाखा कलचुरी राजपूत है जो आज भी छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कलार समाज के नाम से सकल हिंदू समाज में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

परशुराम जी को भगवान् विष्णु का आवेशावतार कहा जाना भी उचित नहीं है।

वे आवेश, पराक्रम, अस्त्र शस्त्र के साथ ज्ञान, विवेक, बुद्धि व विज्ञान दृष्टि से भी संज्ञ, प्रज्ञ व विज्ञ थे। परशुराम जी ने समूची सामाजिक व्यवस्थाओं की स्थापना आर्यावर्त के कोने कोने में की थी। उस कालखंड में जब समाज में आर्य एक उपाधि या गुणसूचक विशेषण हुआ करता था उन्होंने अनार्य,अघोरी, औघड़, अवर्ण, सवर्ण, सभी को आर्यश्रेष्ठ बनाने का ऋषवत आचरण रखा हुआ था।

आज के गोवा और केरल के भू-भाग तो परशुराम जी के फरसे द्वारा प्रगट व पालित भूमि है। वस्तुतः परशुराम जी का फरसा केवल एक शस्त्र नहीं था अपितु यह कृषि एवं जीवन के अन्य क्रिया कलापों में उपयोग होने वाला एक उपकरण था। इस उपकरण से ही उन्होंने मानव जाति को निवास, कृषि व विकास हेतु समुद्र से उपजाऊ भूमि निकालकर मानव विकास में महत्वपूर्ण कारक की भूमिका का निर्वहन किया था।

जहां हमारे पूर्वज व आराध्य श्रीराम की यात्रा उत्तर से दक्षिण की थी, श्रीकृष्ण की यात्रा पूर्व से पश्चिम की थी वहीं परशुराम जी समूचे आर्यावर्त या ज बुद्वीप में अपने विकास चिन्ह छोड़ते हुए आगे बढ़ रहे थे। उड़ीसा का महेंद्रगिरी पर्वत उनकी तपोस्थली है।

महाराष्ट्र का रत्नागिरी कोंकण, मध्यप्रदेश का महू तो छत्तीसगढ़ का सरगुजा और उत्तरप्रदेश का शाहजहांपुर भी इनसे जुड़े पावन स्थल है। मध्यपूर्व के पुराने तुर्क गाथाओं से लेकर इंडोनेशियाई कावी रामकथा तक में परशुराम का विस्तृत उल्लेख है। अनेक विद्याओं के प्रवर्तक इस योद्धा संन्यासी परशुराम जी के जीवन में प्रेम भी प्रस्फुटित हुआ था। समाज में विकास, परिवर्तन , संस्कार, समरसता व भयहीन राष्ट्र के आग्रही परशुराम जी अपने प्रेम को आगे नहीं बढ़ा पाए।

श्रीकृष्ण के हृदय में जो स्थान राधा का था वैसे ही परशुराम जी के अंतस में देवी लोमहर्षिणी विराजमान थी। हृदयंगम लोमहर्षिणी, अनुसिया व लोपमुद्रा जैसी देवियों के संग भगवान् परशुराम ने भारत में मातृशक्ति को वैचारिक नेतृत्व भी दिया था।

आज अक्षय तृतीया के दिन भारतभूमि के हम सनातनियों को यह भी समझना चाहिए कि हमारे मान बिन्दुओं, आदर्शों व नायकों के संदर्भ में किस प्रकार के वितंडे, विरूपण कार्य व विषाक्त विषय समय समय पर प्रचारित किए जाते हैं। इन सबका लक्ष्य केवल एक ही होता है हिंदू समाज में समरसता को भंग करना।

आज परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया पर शपथ लेनी चाहिए कि सामाजिक समरसता ही युगधर्म है और निजधर्म भी, यही भगवान् परशुराम जी द्वारा हमें प्रदत्त धर्म भी है।

लेखक विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में राजभाषा सलाहकार हैं

मैं इनकी छाती पर मूंग दलूंगा - दिग्विजय सिंह

भोपाल - जैसे जैसे चुनाव नजदीक आयेंगे नेताओं की जुबानी जंग में पैना पन आयेगा। शुक्रवार को उज्जैन की प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मु यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भाजपा में जाकर सरकार गिराने के कारण निशाना साधते हुये कहा था कि हे प्रभु, हे महाकाल दूसरा ज्योतिरादित्य दोबारा कांग्रेस में पैदा ना हो , सिंधिया ने भी ट्वीट कर पलटवार किया था. भाजपा के मंत्री तुलसीराम सिलावट, महेंद्र सिंह सिसोदिया, कैलाश विजयवर्गीय ने भी दिग्विजय को घेरा था. किसी ने पाकिस्तान में पैदा होने की तो किसी ने चीन में पैदा होने की बात कही, कैलाश विजयवर्गीय ने तो दिग्विजय की मति भ्रष्ट होना बता दी थी। अब दोबारा दिग्विजय सिंह ने तीनों नेताओं को जवाब दिया है.

मेरे खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं

दिग्विजय सिंह ने तीनों नेताओं के पलटवार के सवाल पर हंसते हुए कहा कि मुझे हंसी आती है. उनके पास मेरे खिलाफ कहने को कुछ है नहीं. कोई कहता है पाकिस्तान चले जाओ, कोई चाहना कह रहा. ये लोग मेरे यहां ED, IB, CBI तो भेज नहीं सकते. पाकिस्तान चाहना की बात कर रहे हैं.

दिग्विजय सिंह ने आगे कहा कि मैं यही पैदा हुआ हूं, यही मरूंगा, ना पाकिस्तान जाऊंगा, ना चाहना, इनकी छाती पर मूंग दल लूंगा. कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था कि मति भ्रष्ट हो गई है उज्जैन आकर, जिस पर जवाब में दिग्विजय सिंह ने कहा कि इसलिए मैं बार-बार उज्जैन आउं बाबा महाकाल, माता हरसिद्धि, बाबा काल भैरव के साथ उमेश नाथ जी महाराज के दर्शन कर सकूं. आपको बता दें कि दिग्विजय सिंह शहर अध्यक्ष रवि भदोरिया के यहां देर शाम मुलाकात के लिए पहुंचे थे. जहां कई कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने चर्चा की और मीडिया से बातचीत भी की थी।

समता और समानता लाने की पहली पहल भगवान श्री परशुराम ने की - मु यमंत्री

भगवान श्री परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में बनेगा श्री परशुराम लोक एवं धाम

मु यमंत्री ने जानापाव में की भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि समाज में समता एवं समानता लाने की सबसे पहली पहल भगवान श्री परशुराम ने की थी। उन्होंने सबको भूमि उपलब्ध कराने की पहल भी की थी। उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिये हमने तय किया है कि मध्यप्रदेश में अब कोई भी गरीब आवासहीन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्री परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में श्री परशुराम लोक एवं धाम बनाया जायेगा। साथ ही प्रदेश में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड बनेगा। मु यमंत्री श्री चौहान इंदौर जिले के महू विकासखंड में भगवान श्री परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में श्री परशुराम जयंती समारोह को स बोधित कर रहे थे। उन्होंने यहाँ भगवान श्री परशुराम की पूजा-अर्चना भी की।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री परशुराम, भगवान श्री विष्णु के 6वें अवतार थे। धर्म की रक्षा एवं दुष्टों के नाश के लिये उनका अवतार हुआ था। मध्यप्रदेश धन्य एवं गौरवशाली है कि भगवान श्री परशुराम का जन्म हमारे प्रदेश में हुआ। वे शस्त्र एवं शास्त्र के ज्ञाता थे। मु यमंत्री ने कहा कि उनकी जन्म-स्थली जानापाव में 10 करोड़ 59 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे है। इसके लिये राशि स्वीकृत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जानापाव में श्री परशुराम लोक एवं धाम बनाने की रूपरेखा विद्वानों एवं प्रशासन के साथ मिल कर बनाई जायेगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने जानापाव में चल रहे विकास कार्यों और कराए जाने वाले कार्यों के संबंध में कार्य-योजना की जानकारी भी प्राप्त की।

केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि यह हमारे लिये गौरव का विषय है कि भगवान श्री परशुराम की जन्म-स्थली मध्यप्रदेश में है। यह खुशी का विषय है कि इसे तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि भगवान श्री परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव पुण्य-भूमि है। राज्य सरकार द्वारा इसे तीर्थ के रूप में विकसित कर तेजी से विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिये विभिन्न सुविधाएँ जुटाई जा रही है। श्री रामकिशोर शुक्ला और राष्ट्रीय परशुराम परिषद के अध्यक्ष श्री सुनील भराला ने भी स बोधित किया।

मु यमंत्री को लाड़ली बहनों ने भेंट की विशाल राखी

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद सुश्री कविता पाटीदार,छतर सिंह दरबार, अरविंद शर्मा, महापौर पुष्पमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला, विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक राजेश सोनकर, संत श्री हीरानंद सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिलाएँ हमारी लाड़ली बहना हैं। उनके कल्याण और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं रखी जायेगी। उनके स मान की रक्षा भी होगी। मु यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के समग्र कल्याण के लिये ही लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है। यह एक क्रांतिकारी योजना है। मु यमंत्री श्री चौहान ने सभी महिलाओं से आग्रह किया कि वे योजना में स्वयं पंजीयन कराये और अन्य बहनों को भी प्रोत्साहित करें।

मु यमंत्री चौहान ने मधुकर राव हर्णे को श्रद्धांजलि दी

भोपाल -मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व मंत्री श्री मधुकर राव हर्णे के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री मधुकर राव हर्णे ने मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री रहते हुए और अन्य दायित्वों का निर्वहन करते हुए आम जनता की भलाई के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मधुकर राव व्यंग्य विनोद भी करते थे। उनके परिचय का दायरा काफी व्यापक था। मु यमंत्री श्री चौहान ने स्व. मधुकर राव हर्णे द्वारा देशभक्ति गीतों के गायन और हँसी-ठहाकों के साथ बातचीत के अंदाज को भी याद किया।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्व. हर्णे का राजकीय स मान से अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने ईश्वर से स्व. मधुकर राव हर्णे की आत्मा की शांति और उनके परिजन को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

गुफा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बनेगा विशाल भवन - मु यमंत्री

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गुफा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल भवन का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की स्थापना की जाएगी। भगवान परशुराम न्याय के देवता थे। उन्होंने आततायियों का नाश करने शस्त्र उठाए थे। उनकी प्रेरणा से मध्यप्रदेश की धरती पर गुण्डे, बदमाश और ने सलियों के विरुद्ध स तकार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में कक्षा 8वीं के पाठ्यक्रम में भगवान परशुराम के जीवन-चरित्र को शामिल करने, संस्कृत और कर्मकांड का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने और पुजारियों को मानदेय देने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में आवश्यकता पड़ने पर संस्कृत शिक्षकों को नियुक्त करने का कार्य किया जाएगा। साथ ही मंदिरों की भूमि के संबंध में आवश्यक अधिकार भी रहेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान आज गुफा मंदिर परिसर भोपाल में बागेश्वर धाम के स्वामी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज जी के सानिध्य में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर अक्षयोत्सव-2023 को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में श्रीपरशुराम लोक का निर्माण किया जाएगा।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के कार्य में ब्राह्मणों ने विशेष योगदान दिया है। विभिन्न अवसरों पर आवश्यक कर्मकांड के लिए शिक्षित और दीक्षित ब्रा हण अपने दायित्व पूरे करते हैं। प्रदेश में 3547 संस्कृत शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। शासकीय विद्यालयों में संस्कृत शिक्षकों की आवश्यकता को देखते हुए और भी नियुक्तियाँ की जाएंगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप राज्य सरकार आवश्यक कदम उठाएगी।

जन्मोत्सव कार्यक्रम में गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेश दास, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, सांसद विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक रामेश्वर शर्मा, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, भोपाल के पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा, श्री शशि भाई सेठ, जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने इसके पूर्व लालघाटी चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर पहुँच कर अक्षय तृतीया पर पूजा अर्चना की। दुर्गा मंदिर से गुफा मंदिर परिसर तक शोभा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें नागरिकों ने पुष्प-वर्षा कर मु यमंत्री श्री चौहान का स्वागत किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की।

ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की होगी स्थापना
भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में बनेगा श्री परशुराम लोक
परशुराम जी का जीवन-चरित्र अब पाठ्यपुस्तक में, संस्कृत अध्ययन पर प्रोत्साहन
मु यमंत्री श्री चौहान भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव में हुए शामिल



कार्यकर्ताओं के सुझाव पर आधारित चुनावी रोडमेप पार्टी के लिए लाभकारी - नरेंद्र सिंह तोमर

केंद्रीय मंत्री ने भोपाल नगर, ग्रामीण एवं सिहोर जिले की बैठकों को किया संबोधित

सीहोर/भोपाल। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है। कार्यकर्ता पार्टी की असली ताकत है। यही कारण है कि आज पार्टी इस मुकाम पर पहुची है। हम सबके सामने 2023 में विधानसभा चुनाव एवं 2024 में लोकसभा चुनाव हैं। हमें भाजपा के पूर्वजों का सपना साकार करना है। भाजपा के कार्यकर्ता के मन में देश सबसे पहले और दल उसके बाद होता है। कार्यकर्ताओं के सुझाव पर आधारित चुनावी रोडमेप पार्टी के लिए लाभकारी होते हैं। यह बात केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्रसिंह तोमर ने भोपाल नगर, ग्रामीण की संयुक्त बैठक एवं सीहोर जिले की बैठक को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित भोपाल नगर, ग्रामीण की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने पूर्व में सीहोर जिले की बैठक को संबोधित किया। बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने पार्टी के सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थित में आगामी चुनाव की दृष्टि से आवश्यक सुझावों पर चर्चा की। भोपाल जिले की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी श्री कांतदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री श्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश शासन

के मंत्री श्री विश्वास सारंग, प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी श्री विजय दुबे भोपाल जिला प्रभारी श्री महेन्द्र सिंह यादव, जिला अध्यक्ष श्री सुमित पचौरी, भोपाल ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री के दारसिंह मंडलोई मंचासीन थे। सीहोर की बैठक में प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी श्री विजय दुबे, जिला प्रभारी बहादुरसिंह मुकाती, जिला अध्यक्ष श्री रवि मालवीय, विधायक श्री करणसिंह वर्मा, श्री सुदेश राय, श्री रघुनाथसिंह मालवीय मंचासीन थे।

श्री तोमर ने कहा कि कार्यकर्ता ही पहले माहौल बनाते हैं और उस माहौल से चुनाव को जीत में बदल देते हैं। आज प्रदेश ही नहीं देश में भी हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार हैं। हमारा लक्ष्य भारत को विश्वगुरु बनाना एवं भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाना है। हमे अब पार्टी को सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी बनाना है। हमारे पास सबसे सशक्त नेता श्री प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में हमारे पास है। पार्टी के पूर्वजों पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी जी जैसे नेताओं ने जो सपना देखा था, आज उस सपने को हम सबको मिलकर पूरा करना है।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो कैशलेश व्यवस्था की शुरुआत की आज इसका सब लोहा मान रहे हैं। हम लगातार टे नालॉजी में आगे बढ़ रहे है। मेक इन इंडिया के तहत आज हम खुद वंदे भारत ट्रेन का निर्माण कर रहे हैं। एक समय था जब भारत आयात करता था, आज भारत निर्यात करने वाला देश बन गया है। रक्षा के क्षेत्र में भी अब हम खुद रक्षा उपकरण बना रहे हैं, उन्हें निर्यात भी कर रहे है, ये हमारी सरकार की कार्य करने की गति है। हम सब को व्यापक लक्ष्य सामने रख कर अपनी भूमिका खुद तय कर उसका निर्वाहन करना है।

विधानसभा चुनाव 2023 अस्पष्ट संभावनाएँ - भाग -1

भाजपा एवं कांग्रेस के एक एक प्रत्याशी चयन में होगी सावधानी

सिवनी यशोः- आगामी नबंवर माह में विधानसभा चुनाव होना है । चुनाव के लिये लगभग छै माह का समय शेष रह गया है प्रदेश में होने वाले चुनाव भाजपा एवं कांग्रेस के लिये बेहद महत्वपूर्ण है तो वहीं आम आदमी पार्टी भी प्रदेश में दस्तक दे रही है असदुद्दीन ओवैसी की पाटी ए आई एम आई एम भी कुछ विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी मैदान में उतार सकती है । गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, बसपा, सपा सहित अन्य राजनैतिक दल भी चुनाव मैदान में रहते है परंतु मध्यप्रदेश की राजनीति में अभी तक भारतीय जनता पार्टी एवं नेशनल कांग्रेस ही मु य राजनैतिक दल के रूप में चुनाव लड़ते रहे हे अन्य किसी तीसरे दल की भूमिका केवल राजनैतिक क्षेत्र में चुनावी समीकरणों को प्रभावित करने वाली रही है आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश में जिस ताकत से पूरे 230 विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी उतारने की बात कर रही है वैसी तैयारी अभी कुछ दिखाई नहीं दे रही है । भाजपा - कांग्रेस दोनों राजनैतिक दल प्रत्याशियों का चयन बहुत सावधानी से करेंगे दोनों के लिये एक एक सीट महत्वपूर्ण रहेगी और दोनों राजनैतिक दल पिछले परिणाम से इस बात को समझ गये है कि एक एक सीट का कितना महत्व होता है । पिछले विधानसभा चुनाव के परिणाम में कांग्रेस को 114 सीटे मिली थी जबकि भाजपा को 109 सीटे शेष 07 सीटे अन्य के खाते में थी ।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की अहम भूमिका

सिवनी जिले की चार विधानसभाओ में से अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये आराक्षित दो विधानसभा क्षेत्र लखनादौन एवं बरघाट कांग्रेस के पास है और जिले की दोनों सामान्य सीटों सिवनी एवं केवलारी पर भाजपा का कब्जा है । जिले की चारों विधानसभाओं में आदिवासी मतदाताओं की बड़ी सं या है परंतु वोटों का विभाजन होता है तथा आदिवासी मतदाताओ का बड़ा हिस्सा मिलने के बाद भी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अपनी जीत दर्ज नहीं करा पाती । भाजपा एवं कांग्रेस के प्रतिबद्ध आदिवासी मतदाताओंएवं अन्य वर्गोके मतदाताओ के वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा एवं कांग्रेस के पक्ष में जाता है ।

गोंगपा और कांग्रेस मे संभावित समझौते का मसौदा

कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश में अपनी सरकार बनाने के वे सारे प्रयास कर रही है जो उसे सत्ता के सिंहासन तक ले जाने में सहायक सिद्ध हो इसी प्रयास के तहत कांग्रेस गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन की कोशिश

भी कर रही है और जानकारी के अनुसार गोंडवाना के प्रदेश स्तरीय एवं राष्ट्रीय नेताओं से इस संबंध में चर्चा को भी अंतिम देने के प्रयास हो रहे है परंतु गोंडवाना के कुछ नेताओं का मानना है कि कांग्रेस की बैसाखी से तात्कालिक लाभ तो होगा परंतु गोंडवाना के अस्तित्व पर संकट बन सकता है । जानकारी के अनुसार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सिवनी जिले की दो विधानसभाएँ मांग रही है । वहीं कांग्रेस दोनों आरक्षित सीटों पर कांग्रेस के काबिज विधायक वाली सीटे देने के पक्ष में नहीं है । जिला मु यालय की सीट शायद ही कांग्रेस समझौते में दे परंतु इस संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता ` योंकि 2008 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मु यालय की सीट एनसीपी को दी चुकी थी परंतु बाद में समझौते को तोड़कर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी के रूप में प्रसंन्नचंद मालू को चुनाव लड़ा दिया था हालांकि उस चुनाव में कांग्रेस की स्थिती बहुत खराब रही और भाजपा की श्रीमती नीता पटेरिया चुनाव में स मानजनक वोटों से विजयी रही ।

तब ठाकुर रजनीश सिंह होंगे सिवनी से प्रत्याशी

अब शेष सीट बचती है केवलारी गोंडवाना यदि एक सीट पर कांग्रेस से समझौता करती है तो केवलारी विधानसभा गोंडवाना के खाते में जा सकती है परंतु यह विधानसभा कांग्रेस का गढ़ रही है 2018 के चुनाव में कांग्रेस की पराजय का कारण भाजपा की कुशल रणनीति रही है और कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व विधायक रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर जीत के प्रति चुनाव के दौरान इतने अधिक आशांवित होगये थें कि वे ऐसा मान रहे थे कि भाजपा ने उनके सामने बहुत कमजोर प्रत्याशी दिया है परंतु भाजपा के प्रत्याशी राकेश पाल सिंह जिस कुशलता से चुनाव लड़ा उसकी भाजपा को भी उ मीद नहीं थी । कांग्रेस और गोंडवाना के बीच समझौता होने की वैसे तो कोई उ मीद नहीं है परंतु यदि हुआ तो केवलारी विधानसभा सीट कांग्रेस गोंडवाना को दे सकती है और यदि केवलारी विधानसभा सीट समझौते में चली जाती है तो ठाकुर रजनीश सिंह चुनाव लड़ेंगे कहाँ से संभव है ऐसी स्थिती में वे सिवनी विधानसभा से प्रत्याशी हो ।

क्रमशः

माह रमजान : मस्जिदों में अदा की गई जुमातुल विदा की नमाज

सिवनी यशोः-जिला मु यालय सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित सभी मस्जिदों में 21 अप्रैल शुक्रवार को माह रमजान के जुमातुल विदा की नमाज अदा की गई, इस दौरान मस्जिदों में माह रमजान एवं जुमातुल विदा के साथ ही ईदुल्लफितर की नमाज के बारे में तकरीर की गई।

ज्ञात हो कि माह रमजान की शुरूवात 23 मार्च की शाम चांद नजर आने के बाद हुई थी जिसका पहला रोजा 24 मार्च को रखा गया था, इस्लाम धर्म में माह रमजान को सबसे पवित्र महीना मानने के साथ ही इस माह को सभी महीनों का सरदार भी कहा जाता है। माह रमजान में मुस्लिम धर्मालंबी दिन के समय रोजा रख नमाजों का एहतेमाम करते है वहीं रात के समय तरावीह की विशेष नमाज अदा करने के साथ इबादत भी करते है।

माह रमजान को 3 असरों में बांटा गया है जिसमें पहला असराह पहले रोजे से 10 वें रोजे तक रहमत व बरकत का, दूसरा असराह 11 वें रोजे से 20 वें रोजे तक मगफिरत का एवं तीसरा असराह 21 वें रोजे से आखिरी रोजे तक जहनम से आजादी का रहता है। इसी आखिरी असरे में 5 शबेकद्र 21, 23, 25, 27, 29 शबेकद्र पड़ती है जिन्हे ताक राते भी कहा जाता है। इन रातों में एक रात की इबादत एक हजार महीनों की इबादत से बेहतर बतायी गई है। बीते दिवस 20 अप्रैल को तमाम मस्जिदों में 29 वीं शबेकद्र मनायी गई इस दौरान जहां मस्जिदों में मिलादे महफिल का आयोजन किया गया वहीं रात भर लोग अपने पालनहार की इबादत में मशबूल रहे। जहां नमाजों व कुरआन की तिलावत का दौर भी जारी रहा। माह रमजान के आखिरी असराह में मस्जिदों में ऐतकाफ भी किया जाता है जहां एतेकाफ के दौरान वंदे अपने रब की खुशनुबी हासिल करते है।

माह रमजान में हुई 5 जुमों की नमाज अदा

इस वर्ष माह रमजान की शुरूवात भी जुमे के दिन से हुई और माह रमजान का आखिरी रोजा भी जुमे के दिन रखा गया। माह रमजान का पहला जुमा 24 मार्च को अदा किया गया वहीं दूसरा जुमा 8 वें रोजे 31 मार्च को, तीसरा जुमा 15 वें रोजे 7 अप्रैल को, चौथा जुमा 22 वें रोजे 14 अप्रैल को एवं 5 वां जुमा 29 वें रोजे 21 अप्रैल को अदा किया गया।

राम कथा जीने की और भागवत कथा मरने की कला सिखाती हैं - स्वामी प्रज्ञानानंद

सिवनी यशोः - जीव प्रकृति के



आधीन होता है और प्रकृति परामात्मा के आधीन होती है परंतु मनुष्य प्रकृति को छोड़कर प्रवृति और विकारों के के की गुलामी में फंस जाता है लोभ मोह माया के फेर में पड़ जाता है और बार बार मृत्यु लोक में उसे आना पड़ता है श्रीमद भागवत मृत्यु लोक के इस` लेश से बचाने का सुमार्ग बताती है परमात्मा की प्राप्ति की और परमात्मा में समा जाने का युक्ति बताती है । भागवत कथा हमें मरना सिखाती है जबकि श्रीराम कथा हमें जीना सिखाती है । हमें जीना कैसे है और मरना कैसे है यह दोनों सीखना जरूरी है । उक्ताशय का मंतव्य राजश्री पैलेस में भागवत कथा की व्यास पीठ से ब्र हलीन द्विपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी सरस्वती जी महाराज के परम प्रिय शिष्य महामंडलेश्वर दंडी स्वामी प्रज्ञानानंद जी महाराज ने व्यक्त किये ।

महाराज श्री ने कहा कि शांत और सत्य के साथ रहना हमारा प्राकृतिक ईश्वर प्रदत्त स्वाभाव है । क्रोध, दुर्भावना, दुराग्रह असत्य को हमने जन्म देते है जबकि शांति और सत्य परमात्मा का स्वरूप है । इस सत्य को पाना हर जीव की चाहत होती है और इसके लिये वह निरंतर यात्रा करता है । महाराजश्री ने कहा कि हम परमात्मा के अंश है और इसका अंत परमात्मा में मिलने से ही होगा। भागवत की शरण में जो आ जाता है वह स्वयं भागवत हो जाता है परमपिता परमेश्वर का हो जाता है परंतु इसका श्रवण और मनन निरंतर होना चाहिये। महाराज श्री ने पवित्र कथा गंगा का प्रवाह करते हुये भागवत कथा के चरित्रों का सुंदर वर्णन करते हुये कथा के गूढ रहस्यों को प्रतिपादित करते हुये बताया कि लक्ष्मी को माता के रूप में या पुत्री के रूप में पूजा जाना चाहिये माता वह सब देती है जो पुत्र को आवश्यक होता है और पुत्री जैसे जैसे बढ़ती है उसे धर्म के मार्ग में प्रवृत किया जाता है अर्थात जब धन बढ़ता है तो उसका सदुपयोग अच्छे कामों में करना चाहिये।

भागवत कथा के सुंदर चरित्रों का वर्णन करते हुये भगवान कृष्ण और जामवंत प्रसंग,कृष्ण जी के प्रदुम्र द्वारा संभासुरवध, सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुये आज कथा को विश्राम दिया गया कथा विश्राम के पश्चात कथा स्थाल पर महाप्रसाद का वितरण किया गया ।

पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष 24 अप्रैल को सिवनी आएंगे पदयात्रा नुक्कड़ सभा एवं प्रेस से मिलेंगे

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन कुमार पटेल 24 अप्रैल को सायं 4:00 बजे सिवनी आएंगे। सिवनी आगमन पर बरघाट नाका में उनका स्वागत किया जाए। तत्पश्चात वे एकपद यात्रा के माध्यम से बरघाट नाका से रानी दुर्गावती चौक तक आएंगे तत्पश्चात सोमवारी चौक पहुंचकर एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। तदुपरांत जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रेस के साथियों एवं पिछड़ा वर्ग के साथियों से मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री पटेल दिनांक 15 अप्रैल से राहुल कमलनाथ संदेश यात्रा के माध्यम से पूरे प्रदेश के दौरे पर हैं।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के उपाध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष श्री विनोद यादव ने समस्त पिछड़ा वर्ग के साथियों एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता साथियों से समस्त कार्यक्रमों की में उपस्थिति की अपील की है।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रभारी मंत्री के साथ मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

सिवनी यशोः - गत बुधवार 19 अप्रैल को जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। सिवनी नगर के समीपस्थ ग्राम कंडीपार स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का प्रातः 11:30 बजे प्रभारी मंत्री श्री सखलेचा ने वहाँ पहुँचकर 3 डी व्यू माडल को देखा तथा निर्माण एजेंसी जेपी स्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड राजकोट (गुजरात) के अधिकारियों से निर्माण के संबंध मे विस्तृत जानकारी प्राप्त की । विधायक श्री राय के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते हुए प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने उपस्थित अधिकारियों को गुणवत्ता युक्त कार्य समयावधि पर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आलोक दुबे जिलाध्यक्ष भाजपा, क्षितिज सिंघल कले टर, रामजी श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय सोनी, अरविन्द सेन, आशीष मानाठाकुर, पीयूष दुबे ,

आशीष सोनी, अनूप मिश्रा, अहफाज खान विधायक प्रतिनिधि, कमल किशोर सिंगारे पीआईयू, मेघा शर्मा एसडीएम, रविन्द्र पारधी प्रभारी तहसीलदार सहित निर्माण एजेंसी के अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन कले टर सभाकक्ष में प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन की बैठक मे शामिल हुए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री विधायक श्री राय के साथ दलसागर चौपाटी पहुंचकर निरीक्षण किया तथा प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्यों के संबंध मे उपस्थित नगर पालिका के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के पदाधिकारी, पार्षद गण, सहित अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इसके पूर्व में प्रातः 10:00 बजे प्रभारी मंत्री जी के लखनादौन आगमन पर विधायक श्री राय द्वारा होटल मिडवे ट्रीट में मुलाकात कर स्वागत किया।

नवनिर्मित शांति शिखर भवन का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ

सिवनी यशो÷ब्रह्मा कुमारी द्वारा नवनिर्मित शांति शिखर भवन का भव्य उद्घाटन÷ ब्रह्मा कुमारीज के मु यालय माउंट आबू से पधारे के सानिध्य में संपन्न हुआ।

हेमलता दीदी जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि विपरीत

कराने योग्य होगा । माननीय श्रीवास्तव जी (एसपी)ने कहा की इस दौड़ती भागती जिंदगी में हर एक व्यक्ति को अपने मन एवं शरीर के

डॉ टर सविता दीदी जी (महिला प्रभाग की संयोजिका) एवं साथ ही साथ 108 योगी तपस्वी ब्रह्माकुमार भाइयों का काफिला, इंदौर एवं भिलाई, रायपुर से पहुंचे ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी जी ,ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी जी , बरघाट - कुरई क्षेत्र के विधायक भ्राता अर्जुन काकोरिया जी, सिवनी के विधायक भ्राता मुनमुन राय जी एवं पूर्व सांसद बहन नीता पटेरिया जी और संपूर्ण भारत से पधारे ब्रह्माकुमार ब्रह्माकुमारी भाई बहनों

परिस्थितियों में भी जिनका मन स्थिर है वास्तव में यही सच्ची शांति है ।

डॉ टर सविता दीदी जी ने कहा कि आज संसार में सभी को शांति की आवश्यकता है , तो हमें पहले इस भवन को गहन तपस्या करके शांति प्रेम खुशी के वाइब्रेशन से भरना होगा द्य तभी यह भवन श्चद्दड्डष्द्ध द्धश्चह्वह्यद्ग लाइट हाउस द्बद्बद्दद्धह्ल द्धश्चह्वह्यद्ग बनकर औरों को भी शांति, शक्ति ,खुशी की अनुभूति लिए कम से कम दो घंटे का समय जरूर देना चाहिए। ब्र हाकुमारी संस्थान द्वारा बनाया गया शांति शिखर भवन लोगों के मन को शांति शांति प्रदान करेगा। माननीय विधायक महोदय मुनमुन राय ने कहा की ब्रह्माकुमारी बहनों का स्नेह और आशीर्वाद मुझे हमेशा से मिलता रहा है ,समय-समय पर यह मुझे याद करते हैं और ऐसे कार्यक्रम में आमंत्रित भी करते हैं। यहां आकर बहुत सुकून मिलता है, शांति मिलती है । माननीय नीता पटेरिया जी ने शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा निर्मित भवन हमारे जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है , यह भवन श्रेष्ठ समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा ।

सिवनी जिले से अनेक ब्रह्मा कुमारी- कुमारी भाई बहने संपूर्ण भारत में अनेक राज्यों में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, वह सभी भी इस शुभ अवसर पर यहां उपस्थित हुए । माउंट आबू में करीब 30 वर्षो से समर्पित रूप से सेवाएं प्रदान कर रहे ब्रह्माकुमार चेतन भाई जी अपने सहयोगी भाइयों को लेकर 3 दिन पहले से ही कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां करा रहे थे। उद्घाटन अवसर पर संपूर्ण भारतवर्ष से करीब चार हजार भाई बहनों ने भाग लिया । ब्र हाकुमारी ज्योति दीदी द्वारा सभी को विशेष रूप से ईश्वरीय सौगात प्रदान कर स मानित किया गया। करीब 30 मीडिया कर्मियों को भी सौगात देकर के स मानित किया गया। इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमार शक्ति राज भाई के द्वारा कुशल मंच संचालन किया गया। ब्र हाकुमारी गीता दीदी के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया । भोमा एवं छपारा के बच्चों के द्वारा विशेष मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। ब्र हाकुमारी ज्योति दीदी ने कहा कि अब से यहां पर अनवरत योग साधना के कार्यक्रम चलते रहेंगे सिवनी शहर के सभी भाई बहनों से अपील की है कि आप सभी यहां पर प्रतिदिन आकर ध्यान साधना अवश्य करें।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार देवगांव में युवा चौपाल संपन्न

सिवनी यशोः-सिवनी विधानसभा के चमारी मंडल में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के निर्देशानुसार युवा चौपाल का आयोजन किया गया इस आयोजन में बड़ी सं या में युवाओं ने सहभागिता की कार्यक्रम में युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्या एवं जिले के प्रभारी जय रोहणी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में आदिवासी अंचल के 50 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष युवराज राहंगडाले ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले युवाओं को गले लगाकर बधाई दी और कहा कि राष्ट्रसेवा के भाव को प्राथमिकता में रखनी वाली भारतीय जनता पार्टी के परिवार में आप सभी की सदस्यता अभिनंदनीय है सभी सदस्यता लेने वाले सदस्यों को युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने पार्टी का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया ।

कार्यक्रम में भाजपा के विचारों से संबंधित उद्बोधन में जय रोहाणी ने कहा कि युवाओं को भाजपा में स मान और अवसर प्रदान किये जाते है उन्हें राष्ट्र के लिये काम करने की प्रेरणा दी जाती है । इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष लवकेश त्रिवेदी जिला उपाध्यक्ष योगेश शिवहरे जिला उपाध्यक्ष चक्रेश सिंह ठाकुर जिला मंत्री शेर सिंह उइके जिला मंत्री अमित पांडे ,जिला कोषाध्यक्ष अर्जुन तिवारी ,जिला कार्यसमिति सदस्य अंकित सिंह ठाकुर युवा मोर्चा मंड़ल अध्यक्ष मोनू साहू जी जिला सोसल मीडिया प्रभारी खुशेन्द्र पवार मीडिया संह प्रभारी धीरज राय एवंदेवगांव सरपंच चंदन लाल धुर्वे सचिव सतीष बरकडे युवा मोर्चा महामंत्री राहुल साहू नगर अध्यक्ष गोलू उईके चैन सिंह उइके एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष राकेश धुर्वे युवा मोर्चा महामंत्री मदन धुर्वे जी देवगाव पवन धुर्वे रामजी धुर्वे सतीश परते राजेश उईके संतराम मोहित धुर्वे मिथलेश अभिषेक अब्बू यादव सिवम बरमैया सोनू राजपुत भूपेंद्र उईके डहरिया अवंत कुशवाहा धर्मेद्र दुर्गा प्रसाद पहलाद मुकेश सिवराम कृष्ण कुमार सुरज उईके रमेश टेकाम राजा बघेल गोलू सोनी अरुण कुमरे नंद कुमार भलावी सुमन धुर्वे अंकित धुर्वे अभिषेक भलावी मुकेश धुर्वे सतेंद्र उईके रामचंद मसराम सोमनाथ झरिया अनिल धुर्वे मुकेश करवेती अभय उईके राकेश उईके प्रसांत पंद्रे भूपेंद्र उईके एवं भाजपा के समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मु यमंत्री ने दी हॉक फोर्स और पुलिस को बधाई

भोपाल/ बालाघाट यशो:-- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गत दिवस 21 और 22 अप्रैल की मध्य रात्रि बालाघाट जिले के गढ़ी क्षेत्र में हॉक फोर्स एवं बालाघाट पुलिस की ने सलियों से हुई मुठभेड़ में ने सलियों का सफाया करने पर बधाई दी है। 14-14 लाख की इनामी दो दुर्दात महिला ने सली मार गिराई गई हैं। दोनों ने सली एरिया कमेटी मेंबर होकर वर्षों से ने सल गतिविधियों में संलग्न थी। पुलिस से मुठभेड़ के बाद इनके पास से थ्री नॉट थ्री (303) राइफल बरामद की गई। मु यमंत्री श्री चौहान ने इस उपलब्धि पर बालाघाट पुलिस तथा हॉक फोर्स के जांबाज़ों को बधाई दी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कल रात्रि बालाघाट में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो दुर्दात ने सलियों को मार गिराने की कार्रवाई में संलग्न जवानों का अभिनंदन करते हुए बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि यह हमारी पुलिस की वीरता और सजगता है कि वह लगातार ने सलियों का सफाया कर रही है। पिछले डेढ़ वर्ष में ने सलियों के खिलाफ पुलिस और हॉक फोर्स जवानों द्वारा साहसिक रूप से किया गया यह चौथा एनकाउंटर था, जिसमें 8 दुर्दात ने सली मारे गए। इन पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए का इनाम घोषित था।

मध्यप्रदेश में नहीं फैलने देंगे न सलवाद

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में हम डकैत पनपने नहीं देंगे, ने सलवाद फैलने नहीं देंगे। सिमी के बाद पीएफआई जैसे आंतकी घटना करने वाले लोगों का भी हम सफाया कर रहे हैं। गुंडे और बदमाश जो जनता के अमन और चैन को भंग करते हैं, उनको भी हम नहीं छोड़ेंगे, यह राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है।

हॉक फोर्स के जवानों को मिला है विशेष प्रोत्साहन

उल्लेखनीय है कि गत दस माह की अवधि में मध्यप्रदेश पुलिस ने चार मुठभेड़ में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के 8 इनामी ने सलियों को मार गिराया है। मु यमंत्री श्री चौहान ने गत वर्ष बालाघाट भ्रमण के दौरान हॉक फोर्स के जवानों से उनकी समस्याओं तथा कर्तव्य के बारे में विस्तृत रुप से चर्चा की थी। मु यमंत्री ने जवानों की कार्य समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशील होकर हॉक फोर्स को 2 प्रकार के विशेष भत्ते तत्काल स्वीकृत भी किए। इससे उत्साहित होकर हॉक फोर्स के जवानों द्वारा ने सल समस्या के उन्मूलन के लिए कर्त्तव्यनिष्ठ होकर लगातार कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है। मु यमंत्री श्री चौहान ने स्वयं बालाघाट में उपस्थित होकर जवानों को क्रम पूर्व पदोन्नति प्रदान की तथा जवानों के परिजन से व्यक्तिगत मुलाकात कर प्रोत्साहित किया।

मारी गई दोनों महिलाएँ हार्डकोर न सली थीं

मध्यप्रदेश पुलिस के ने सल विरोधी अभियान की यह एक और बड़ी सफलता है, जिसमें गत दिवस की रात को बालाघाट जिले के गढ़ी थाने अंतर्गत सुपखार वन रेंज के ग्राम कंदला के पास मुठभेड़ में 2 हार्डकोर महिला ने सलियों को धराशायी किया गया। गत वर्ष अपनायी गई आक्रामक रणनीति की श्रृंखला में दोनों ही महिलाओं 23 वर्षीया सरिता और 26 वर्षीया सुनीता को धराशायी किया गया। ये दोनों ने सली छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की निवासी थीं। दोनों ही पिछले 7-8 वर्ष से प्रदेश में अनेक ने सली वारदातों में लिप्त थी। दोनों बैहर थाना क्षेत्र के ग्राम मालखेड़ी में 6 न वर 2020 को हुई मुठभेड़ में भी शामिल रही। सरिता पर छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश राज्यों में 11 मामले दर्ज हैं। सुनीता पर भी 15 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संयुक्त रूप से प्रत्येक पर 14-14 लाख रूपये का इनाम घोषित था।

मध्य प्रदेश पुलिस की बड़ी सफलता दो दुर्दात महिला न सलियों का 21 और 22 अप्रैल की मध्य रात्रि हुआ सफाया हॉक फोर्स के जवानों ने की साहसिक कार्यवाही

27 अप्रैल को मु यमंत्री का बबलिया(निवास) आगमन.

मु यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

मण्डला यशो:- प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निवास विधानसभा क्षेत्र के बबलिया देवरीकला में आयोजित कार्यक्रम में आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में केन्द्रीय इस्पात व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, विधायक देवसिंह सैयाम की उपस्थिति में भाजपा जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार निवास विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बबलिया देवरीकला स्थान पर लाडली बहना योजना पर आधारित कार्यक्रम के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनो के साथ संवाद, भाजपा पदाधिकारियों के साथ चर्चा तथा जिले के विकास से जुड़ी विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं, भाजपा जिला कार्यालय में 27 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम को लेकर विस्तृत रूपरेखा तय की गयी है तथा सभी मण्डलों को कार्यक्रम की तैयारी को लेकर दायित्व दिया गया है। बैठक में पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, डॉ शिवराज शाह, भगवती श्रीधर, रतन ठाकुर, राजेश पाठक, विनोद कछवाहा, मीना हरदहा, शशि पटेल, सुषमा मिश्रा, पारस असरानी, थामन बर्मैया, संजीत पाण्डे, संदीप सिंह, शिव पूसाम, कृष्ण कुमार चौकसे, आशाराम भारतीया, अनुराग चौरसिया, प्रहलाद मरकाम, आकाश पाण्डे, रामचंद्र यादव, धमेन्द्र मिश्रा, सूर्यकांत जंघेला, अजयपुरीगोस्वामी, दिनेश रजक, शंभू साहू, चिरंजीव कोकडिया, मनोज मिश्रा, रूपेन्द्र खड़गरे, मथुरा यादव, डॉ विजय सर्वटे, उमेश शु ला, आशीष झरिया, महेन्द्र राठोर, जाकिर हुसैन, प्रवीर तिवारी, संतोष रजक, राजेश जोशी, अंशुमाली शु ला, मनीष दुबे, रमेश चौकसे, उपस्थित थे।

तापमान के बढ़ने-घटने और उड़ रही धूल बढ़ा रही बीमारी

मण्डला यशो:- पिछले कुछ दिनों से अचानक तेज धूप तो अचानक कुछ ही समय में तेज बारिश का सिलसिला चल रहा है, शुक्रवार की शाम को भी तेज हवाएं चली वहीं हल्की-हल्की बूंदाबांदी भी हुई। तापमान के बढ़ने-घटने के साथ ही शहर की सड़कें जी खुदाई और मर मतीकरण में देरी के कारण पूरा शहर धूल, मिट्टी से पट गया है। शहर की सड़कों से निकलते ही वाहनों की र तार के साथ धूल राह चलते लोगों के शरीर में जमा हो रही है वहीं यह धूल लोगों को सर्दी, जुकाम, बुखान का भी मरीज बना रही है।

रखें अपना ध्यान

गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्रों का प्रयोग कर, भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकलें। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर के गमछे या तौलिये से ढक्कर ही धूप में निकलें, रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीयें एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन कर, बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ध्यान रखें, बच्चों को सिखायें कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आयें। गर्मी के दिनों में बुजुर्गों कभी विशेष ध्यान रखें, उन्हें धूप में घर से बाहर न निक लने देवें, समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें, सुपाच्य भोजन एवं तरल पदार्थों का सेवन करायें। गर्मी के दिनों में ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें। तीव्र धूप को अंदर आने से रोकें।

लू से बचाव के लिए या न करें

बिना भोजन कि ए बाहर ना निकलें। जहां तक संभव हो, ज्यादा समय तक धूप में खड़े होकर व्यायाम मेहनत व अन्य कार्य न कर, बहुत अधिक भीड़, गर्म घुटन भरे कमरों में न जायें, रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्यक होने पर ही करें।

गर्भवती माता, बच्चों एवं बुजुर्गों को दिन के सबसे गर्म समय जैसे- दोपहर 12 से 4 बजे तक घर के बाहर की गतिविधियों में शामिल न होने दें। धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाड़ी में अके ला न छोड़ें।

धूप में नगे पांव न चलें। चाय, कॉफी, अत्यधिक मीठे पदार्थ व गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन न कर।

लू लगने के लक्षण इस प्रकार हैं

गर्म, लाल और सूखी त्वचा, शरीर का तापमान 40 सेल्सियस या 104 फेरेनाइट, मितली या उल्टी आना, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज हो जाना। घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द।

प्राथमिक उपचार इस प्रकार किया जाये

रोगी को तुरंत छायादार जगह पर क पड़े ढीले क रलिटा दें एवं हवा करें। रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य, पेय पदार्थ ना दें एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठंडे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का शर्बत (पना) आदि दें।

रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए संभव हो तो उसे ठंडे पानी से स्नान कराये या उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखकर पूरे शरीर को ढक दें, इस प्रक्रिया को तब तक दोहराये जब तक कि शरीर का ताप कम नहीं हो जाता।

पेयजल संबंधी शिकायत के लिए नहीं लगता है दूरभाष क्रमांक : 252443

मण्डला यशो:- जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष क्रमांक 07642-252443 है लेकिन यह नंबर नहीं लगता है। कंट्रोल रूम में हेडपंप तथा नल-जल योजनाओं के संचालन-संधारण से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जानकारी के अनुसार उपयंत्री को कंट्रोल रूम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह कंट्रोल रूम कार्यदिवसों में प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित रहेगा। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा कंट्रोल रूम के लिए कर्मचारियों की पालीवार ड्यूटी लगाई गई है। कंट्रोल रूम के लिए नियुक्त कर्मचारी जिले के किसी भी क्षेत्र से पेयजल समस्या संबंधी शिकायतों की पंजी संधारित करते हुए निराकरण के लिए कार्यपालन यंत्री तथा संबंधित सहायक यंत्री को सूचित करेंगे।

महाविद्यालय स्तरीय वॉलीबॉल एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

मण्डला यशो:-मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में प्रभारी प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा के मार्गदर्शन एवं संयोजक राजकुमार सिंगौर के नेतृत्व में स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा युवा नीति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्र भक्ति पूर्ण भाषण प्रतियोगिता एवं महाविद्यालय स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही डॉ. आर मरकाम, सुखदेव वरकड़े के आतिथ्य में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अक्षय तृतीया आज, ब्रा हण समाज द्वारा निकाली जाएगी विशाल वाहन रैली

मण्डला यशो:--आज अक्षय तृतीया का त्यौहार मनाया जाएगा इसी के साथ आज के ही भगवान परशुराम जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा। इस अवसर पर ब्रा हण समाज द्वारा महाराजपुर के हनुमान चौराहा से भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सिंहवाहिनी वार्ड के नावघाट भगवान परशुराम मंदिर पहुंचेगी यहां इसके बाद दिन भर पूजन, हवन, भण्डारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी के साथ आज के ही गुड्डे गुड़ियों का विवाह किया जाता है आज के दिन से विवाह आयोजन शुरू हो जाते हैं अक्षय तृतीया के दिन विवाह करने में मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं होती। इसलिए आज बड़ी सं या में विवाह होंगे वहीं प्रतीकरात्मक रूप से बच्चे आज मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों का विवाह करेंगे। आज के दिन शिय अपने गुरूजनों को मिट्ठी का घड़ा दान करते हैं माना जाता है कि, ऐसा करने से सुख, शांति, समृद्धि की प्राप्ति होती है।

नवोदय की कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा 29 को

मंडला। जवाहार नवोदय विद्यालय पदमी जिला-मण्डला म0प्र0 में कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा 29 अप्रैल 2023 को जिले के 19 परीक्षा केन्द्रों में दिन शनिवार को 11 बजे से 1 बजे तक स पन्न होगी। जिले के सभी 9 विकासखण्डों में 19 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। अ यर्थियों के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। रजिस्ट्रेशन नं0 तथा जन्मतिथि डालकर प्रवेश-पत्र डाउनलोड कराकर अध्ययनरत् विद्यालय के प्रधान पाठक से हस्ताक्षर कराकर परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा, जो कि, परीक्षा केन्द्र में जमा हो जायेगा। प्रवेश-पत्र की छायाप्रति विद्यार्थी अपने पास रख सकते हैं।

27 अप्रैल को मु यमंत्री का बबलिया(निवास) आगमन

मु यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

मण्डला यशो:- प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निवास विधानसभा क्षेत्र के बबलिया देवरीकला में आयोजित कार्यक्रम में आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में केन्द्रीय इस्पात व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, विधायक देवसिंह सैयाम की उपस्थिति में भाजपा जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार निवास विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बबलिया देवरीकला स्थान पर लाडली बहना योजना पर आधारित कार्यक्रम के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनो के साथ संवाद, भाजपा पदाधिकारियों के साथ चर्चा तथा जिले के विकास से जुड़ी विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं, भाजपा जिला कार्यालय में 27 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम को लेकर विस्तृत रूपरेखा तय की गयी है तथा सभी मण्डलों को कार्यक्रम कि तैयारी को लेकर दायित्व दिया गया है। बैठक में पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, डॉ शिवराज शाह, भगवती श्रीधर, रतन ठाकुर, राजेश पाठक, विनोद कछवाहा, मीना हरदहा, शशि पटेल, सुषमा मिश्रा, पारस असरानी, थामन बर्मैया, संजीत पाण्डे, संदीप सिंह, शिव पूसाम, कृष्ण कुमार चौकसे, आशाराम भारतीया, अनुराग चौरसिया, प्रहलाद मरकाम, आकाश पाण्डे, रामचंद्र यादव, धमेन्द्र मिश्रा, सूर्यकांत जंघेला, अजयपुरीगोस्वामी, दिनेश रजक, शंभू साहू, चिरंजीव काकोडिया, मनोज मिश्रा, रूपेन्द्र खड़गरे, मथुरा यादव, डॉ विजय सर्वटे, उमेश शु ला, आशीष झरिया, महेन्द्र राठोर, जाकिर हुसैन, प्रवीर तिवारी, संतोष रजक, राजेश जोशी, अंशुमाली शु ला, मनीष दुबे, रमेश चौकसे, उपस्थित थे।

अत्यधिक गर्मी की संभावना के मद्देनजर शाला के समय में परिवर्तन, कले टर ने जारी किए आदेश

मण्डला यशो:-अत्यधिक गर्मी की संभावना को ध्यान में रखते हुए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा शाला के समय में परिवर्तन किया गया है ताकि छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत प्रभाव न पड़े। जारी आदेश के तहत जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय 30 अप्रैल 2023 तक प्रातः 7:30 बजे से 12:30 बजे तक संचालित होंगे। परीक्षाओं का संचालन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

भारत कृषक समाज ने किसानों की समस्याओं को लेकर कले टर से की चर्चा

मण्डला यशो:- जिले के किसानों की समस्याओं से अवगत कराने के लिए भारत कृषक समाज मंडला इकाई ने विगत दिवस कले टर डॉ सलोनी सिडाना से भेंट की और विस्तृत चर्चा की। विषयांतर्गत नैनपुर थावर परियोजना केनाल जो कि वर्तमान समय में क्षतिग्रस्त हो गई है उसके शीघ्र सुधार के लिए निवेदन किया गया। इसके अलावा किसानों को मौजूदा समय में गेहूं खरीदी केन्द्र और सोसायटी में आ रही मु य परेशानियों से अवगत कराया, जिसमें किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके। ज्ञात हो कि सोसायटी में किसानों को लोन एवं नगद के द्वारा खाद दी जाती है, इस संदर्भ में सोसायटी में खाद नगद में मिलने में आ रही परेशानियों से भी अवगत कराया और किसानों को सहज रूप से खाद मिल सके इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए अपेक्षा की। कले टर महोदया ने इन आवश्यक तथ्यों एवं परेशानियों के निराकरण के लिए आश्वस्त किया,इस बैठक में भारत कृषक समाज मंडला इकाई ने प्रतिनिधि रविन्द्र प्रताप सिंह परिहार,विजय ठाकुर ,गणेश प्रसाद जसवानी, श्याम सिंगौर उपस्थित रहे।

सेन जयंती में निकाली गई विशाल वाहन रैली

मंडला यशो:- सेन समाज द्वारा सेन जयंती के अवसर पर विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मु य अतिथि विधायक देव सिंह सैयाम द्वारा विधायक निधि से मुंडन संस्कार के टीन सेट का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं पार्षद श्री राम गायक एवं समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा आदरणीय विधायक का स्वागत कि स्वागत गुड्डा शिवा श्रीवास अनु श्रीवास राकेश आदि लोगों के द्वारा स्वागत किया गया। विधायक द्वारा सेन समाज को शुभकामनएं प्रेषित की गई एवं सदैव समाज को सहयोग की बात कही गई वही कार्यक्रम के दूसरे चरण में वाहन रैली महाराजपुर से मंडला समुदायिक भवन झूला पुल में समाप्त की गई। जहां पर समाज के सभी वरिष्ठ जनों एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा जनपद अध्यक्ष संतोष भलावी सोनू जिला पंचायत सदस्य शकुन रागिनी तिवारी नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश क छवाहा समाज के संरक्षक कन्हैयालाल श्रीवास अध्यक्ष गणेश श्रीवास महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती सुमन श्रीवास युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास प्रशांत श्रीवास व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कार्यकारी अध्यक्ष अनु श्रीवास जिला सचिव राजीव उसरोठे कोषाध्यक्ष टीकाराम श्रीवास सह सचिव सुनील श्रीवास उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास द्वारा के जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ संजय कुशराम के मु य अतिथि का कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत की किया गया। सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों में स पत श्रीवास सहित कई अन्य वृद्धजनों का स मान किया। जिला सेन समाज के सचिव राजीव उसरोठे आभार प्रदर्शन किया।

आगामी 3 माह पेयजल समस्या निराकरण के हरसंभव प्रयास करें - कुलस्ते

जिला विकास एवं समन्वयक समिति की बैठक संपन्न

मण्डला यशो:- जिला विकास एवं समन्वयक समिति की बैठक में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मिशन के कार्यों को जल्द पूरा करें। श्री कुलस्ते ने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल संकट एवं पेयजल परिवहन की जानकारी लेते हुए कहा कि आगामी 3 माह तक पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास करें। अधिकारी मैदानी भ्रमण के दौरान पेयजल समस्या को ध्यान में रखें तथा संबंधित अधिकारी एवं विभागों से समन्वय करते हुए पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 15 जुलाई तक पेयजल संकट से निपटने विशेष रणनीति बनाएं। कोई भी पंचायत पेयजल से वंचित न रहे। उन्होंने इस दौरान सामूहिक नलजल योजना की भी समीक्षा की। श्री कुलस्ते ने नगरीय क्षेत्रों में भी पेयजल समस्या के संबंध में निर्देशित किया कि सभी सीएमओ निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय करते हुए पानी पहुंचाएं। बैठक में विधायक मंडला देवीसिंह सैयाम, विधायक निवास डॉ. अशोक मर्सकोले, विधायक बिछिया नारायण सिंह पट्टा, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, जिला पंचायत सीईओ रानी बाटड, एसपी रजत सकलेचा, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनपद प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

ग्राम विकास केकार्यों को दें प्राथमिकता

केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि ग्राम विकास से जुड़े विभाग कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करें। साथ ही हर पात्र के लिए उनकी पात्रतानुसार योजना की पहुंच सुलभ बनाएं। श्री कुलस्ते ने कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़े विभाग ग्राम विकास के कार्यों को प्राथमिकता दें। मैदानी अधिकारी जि मेदारी से विकास कार्यों को पूरा करें तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी ऐसे कार्यों की जानकारी दें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हर गांव-हर घर तक बिजली, पानी, राशन आदि की पहुंच सुनिश्चित हो। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए सहयोग लें।

सडक सुरक्षा के उपायों को स ती से लागू करें

जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक में विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर बिन्दुवार चर्चा हुई। साथ ही वन विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, सड़क सुरक्षा से जुड़े बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सडक सुरक्षा के उपायों को स ती से लागू करें। आवश्यक होने पर जुमाने की राशि भी बढ़ाएं। उन्होंने एसपी तथा आरटीओ को सडक सुरक्षा के लिए प्रभावी उपाय करने तथा सडक सुरक्षा के नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। सडक सुरक्षा की समीक्षा करते हुए श्री कुलस्ते ने कहा कि मानसून पूर्व खतरनाक स्थानों पर संकेतक सूचना पटल लगाने के लिए संबंधित विभाग समयपूर्व कार्य करें। उन्होंने इस दौरान मंडला जिला मु यालय के व्यस्ततम मार्गों पर पार्किंग लाईन चिन्हांकन, जेबरा क्रॉसिंग, ब्लेक स्पॉट सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। विधायक बिछिया नारायणसिंह पट्टा ने बैठक में बिछिया क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में ग्रेवल सडक, पीएमजीएसवाई सड़क तथा वन विभाग से जुड़े मुद्दों पर समिति के समक्ष आवश्यक मांग की। इसी प्रकार विधायक निवास ने पेयजल संकट, स्वास्थ्य विषय, बिजली तथा वन विभाग से जुड़े विकास कार्यों की समस्या रखते हुए समाधान की मांग की।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बौंझाबाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी, 9425843297